कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज का
राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर-कोलिहापुरी में सम्पन्न
नशा मुक्त समाज के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कोलिहापुरी में लगाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. तिवारी ने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवकों को सामूहिक एकता, सदभावना के माध्यम से समाज सेवा में सदैव तत्पर रहना चाहिए। नशामुक्त समाज के लिए युवाओं को सदैव सार्थक प्रयास करते रहना चाहिए।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा देते हुए गीता के उदाहरणों की चर्चा की उन्होनें कहा कि यदि हमारे मन के अनुसार हो तो अच्छा और न हो तो और भी अच्छा। उससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होनें संयमित जीवन जीते हुए समय का सदुपयोग करते हुए सदैव कर्म करने के लिए तत्पर रहने को कहा।

पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहापुरी की प्रधान पाठक श्रीमती सुनेती दुबे ने कहा कि रासेयो के माध्यम से ग्रामीणों एवं बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की भावना जागृत होती है खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। प्राथमिक पाठशाला की प्रधान पाठिका श्रीमती प्रीतिलता शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया वह अत्यंत सराहनीय है।

समापन दिवस में श्रीमती वंदना बंजारे ने सात दिवसीय विशेष शिवर के कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। समापन अवसर पर स्वयं सेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया। कु. श्वेता ध्रुव - सर्टिफाइड फिटनेस एमएमए कोच, री-डिफनिंग सेल्फ द फीटनेस लैब के संस्थापक तथा श्री योगेन्द्र कुमार ध्रुव मिक्सड मार्शल आर्ट प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक दक्षता एवं आत्मरक्षा हेतु यहाँ पर छात्राओं को सात दिवस तक सिखाए गए आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि सरपंच श्री ज्वाला प्रसाद देशमुख ने कहा कि नशामुक्त अभियान और स्वच्छता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। जिससे ग्राम के बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी।

सात दिवसीय शिविर में मेगा हेल्थ कैंप के अन्तर्गत डॉ. मानसी गुलाटी - स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरूण सिंह- नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक खरे - दंतरोग चिकित्सक, वेद नारायण यदु, श्री दिलीप ठाकुर, श्री सीताराम ठाकुर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा हेतु उपस्थित रहें।

डॉ. ऋचा ठाकुर ने विकसित भारत @2047 पर अपना व्याख्यान दिया। श्री सुशील भारद्वाज ने स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स विषय पर व्याख्यान दिया। कु. आयुषि, कु. रिया नेगी, कु. विधि राणा देवसंस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार तनाव प्रबंधन एवं नारी जागरूकता पर व्याख्यान दिया।

प्रज्ञा मिश्रा, जिला सह सचिव भगवती मानव कल्याण संगठन, दुर्ग द्वारा नशामुक्त भारत के लिए युवा विषय के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। श्री आशीष डहरिया सचिव/व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा कानून एवं विधिक साक्षरता संबंधित जानकारी विस्तार पूर्ण प्रदान किये। कु. रूचि शर्मा, पैरालिगल वालिंटियर्स, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा साइबर क्राइम/घरेलू हिंसा/पास्को एक्ट पीड़ित क्षतिपूर्ति एसिड हमला पर व्याख्यान देकर जागरूक किया। शिविर में प्रतिदिन योग पी.टी. प्रभात फेरी का आयोजन किया गया एवं श्रमदान के अंतर्गत तालाब, कुआं, मंदिर परिसर, हॉट बजार परिसर की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

शिविर को सफल बनाने में श्री विमल यादव एवं ओम सिंह ध्रुव ने सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन कु. प्रज्ञा मिश्रा एवं कु. सुमन ने किया व आभार व्यक्त कु. रूचि शर्मा ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज का
राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर-कोलिहापुरी में सम्पन्न
नशा मुक्त समाज के लिए सार्थक प्रयास जरूरी